

PRATHAM BOOKS
A Book in Every Child's Hand

पठन स्तर ३

# फ़िस फ़िस फ़िसलन

**Author:** Naresh R
**Illustrators:** Isaac Gergan, Sirawon Khathing
**Translator:** Vibha Lohani



देखो... देखो! कल रात बर्फ़ पड़ी।

सूर्योदय के साथ ही, सात बहनें अपने घर में उठ गई।



“आओ खेलें!” पार्वती ने कहा।

“क्या हम पहाड़ी ढलान पर फ़िसलने वाला खेल खेलेंगे?” चिया ने पूछा।

“हाँ! मज़ा आएगा,” रेशम उत्साह से बोली।



पार्वती सबसे पहले आगे बढ़ी।

वह बर्फ़ पर फिसलने वाले, एक ख़ास तख्ते से दिखने वाले, स्नोबोर्ड पर बैठ गयी। “तैयार ... एक, दो, तीन ... भागो!”

पार्वती ने अपने हाथों से पीछे को धक्का लगाया और उसकी यह गाड़ी आराम से ढलान पर फ़िसलने लगी। "शुई ..... एई..!" पार्वती ख़ुशी से चिल्लाते हुए आगे बढ़ी।



अगली बारी रेशम और चिया की थी। चिया थोड़ा घबरा रही थी।

“डरो नहीं, मेरे साथ चलो,” रेशम ने उसकी हिम्मत बढ़ाई।

दोनों बहनें हाथ पकड़ कर पहाड़ की ढलान पर उतरने लगी। वह अपने कदम गिनते हुए आगे बढ़ी। उनके जूतों से बर्फ़ पर गहरे निशान बन रहे थे।



चौथा नंबर उत्तरा का है।

वह अपनी बहनों को ढलान के नीचे उतरते हुए देख रही थी।

उसे डर नहीं लगता। वह ध्यान से अपने दोनों हाथ और पाँव पर बच्चे की तरह ज़मीन में घिसट कर उतरने लगती है।

“शाबाश उत्तरा!” पार्वती बोली। “किसी दिन तुम ऊँचे-ऊँचे पर्वत चढ़ोगी।



पूर्वा पाँचवे नंबर पर है।

वह गेंद की तरह बर्फ़ पर लुड़कते हुए,
ढलान से नीचे उतर गयी।

बाकी बहनें उसके मज़ेदार तरीके को
देख कर हँस पड़ीं।



वर्षा की बारी छठी है।

वह पेट पर लेट कर धीरे-धीरे बर्फ़ पर फ़िसलते हुए नीचे उतर गयी।



अचानक, आकाश में अँधेरा छाने लगा! तेज़ हवा चलने लगी और लगा जैसे ज़ोर से तूफ़ान आने वाला हो।

“लड़कियों, घर जल्दी वापस आओ!” माँ ने खिड़की से आवाज़ दी।



उत्तरा डर गयी।

उसने घिसटते हुए ढलान पर चढ़ने की कोशिश की पर वह बार बार नीचे फ़िसल गयी।

"मुझे माँ के पास जाना है," वह रोते हुए बोली।



पूर्वा ने दौड़ कर पहाड़ी चढ़ने की कोशिश की पर उसके पाँव बर्फ़ में धँस गए।

वह ऊपर नहीं चढ़ पायी। वह बर्फ़ में फँस गयी।



रेशम और चिया ने भी पहाड़ चढ़ने की कोशिश की,
पर वह दोनों भी फ़िसलते हुए नीचे आ गए।

अरे नहीं! अब ये सात बहनें क्या करेंगी?



नित्या पहाड़ी के ऊपर खड़ी देख रही थी।

वह सबसे बड़ी बहन है। “रुक जाओ!” नित्या ने अपनी बहनों को आवाज़ दी। वह दौड़ कर घर से एक लम्बी रस्सी उठा कर लायी।

रस्सी का एक छोर उसने पास के पेड़ पर बाँधा और दूसरा छोर अपनी बहनों की तरफ फ़ेंक दिया।



“उत्तरा घबराओ नहीं,” नित्या ने अपनी बहन की हिम्मत बढ़ाई। “तुम रस्सी कस के पकड़ लो, मैं तुम्हें ऊपर खींच लूँगी।

उत्तरा रस्सी को जकड़ती है और नित्या उसे ऊपर खींच लेती है। एक - एक करके सारी बहनें रस्सी पकड़ कर ऊपर चढ़ जाती हैं।



“उफ़, बच गए,” पार्वती ने राहत की साँस ली।
बर्फ़ पड़ने लगी। सातों बहनें झटपट घर के अंदर भाग गयीं।

माँ ने केतली से उन्हें गरम चाय दी।

यह अनुभव जोखिम भरा पर कितना मज़ेदार था!













**हम फ़िसलते क्यों हैं**?

कहानी में सात बहनें पहाड़ की ढलान पर फ़िसलती हैं और चढ़ती हैं। वे बर्फ़ में चलती हैं, पेट के सहारे खिसकती हैं, बच्चे की तरह घिसटती हैं और गेंद की तरह लुढ़कती हैं।

हमारे शरीर और ज़मीन के बीच एक बल या प्रभाव है जो हमारी चलने में मदद करता है। इस बल को घर्षण कहते हैं।

बिना घर्षण के हम बहुत देर तक चल नहीं सकते और खड़े भी नहीं हो सकते। जब हमारे शरीर और ज़मीन के बीच घर्षण कम होता है, तो हम फ़िसल जाते हैं।



क्या आप जानते हैं कि **जकड़ना, फ़िसलना** और **ख़िसकना** जैसे शब्द घर्षण से सम्बंधित हैं?

नीचे दिए शब्दों को उचित चित्र के साथ जोड़े -

**जकड़ना**

**फ़िसलना**

**ख़िसकना**

PRATHAM BOOKS storyweaver

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

## Story Attribution:

This story: फ़िस फ़िस फ़िसलन is translated by Vibha Lohani . The © for this translation lies with Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Based on Original story: 'Slip and Slide', by Naresh R . © Pratham Books , 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

## Other Credits:

This book was first published on StoryWeaver by Pratham Books. The development of this book has been supported by Oracle. Guest Editor: Karishma Mahbubani. Art Director: Nafisa N Crishna. www.prathambooks.org

## Images Attributions:

Cover page: Four girls playing in the snow, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 2: Two houses in the mountains, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 3: Girls dancing and playing, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 4: A girl happily snowboarding, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 5: Girls walking and leaving footprints in the snow, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 6: Girl sitting on the snow, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 7: Girl rolled up in a snowball, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 8: Girl sliding down a slope on her stomach, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 9: Woman calling out to girls playing in the snow, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 10: Girl unable to climb up a mountain, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

CC BY

ORACLE

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

PRATHAM BOOKS
storyweaver

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

Images Attributions:

Page 11: Girl walking in the snow, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 12: Two girls slip on the snow, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 13: Girl tying a rope to the bark of a tree, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 14: Girls climbing up a mountain with difficulty, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 15: Coffee table and window, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 16: Girls happily drinking tea, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 17: Girls doing various things in the snow, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 18: Girls playing around in the snow, by Sirawon Khathing, Isaac Gergan © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

ORACLE

# फ़िस फ़िस फ़िसलन

(Hindi)

पहाड़ बर्फ़ से ढके हैं। सात बहनें बाहर जा कर खेलने को उत्साहित हैं। आइए उनके रोचक अनुभव का हम भी मज़ा लें।

This is a Level 3 book for children who are ready to read on their own.

PRATHAM BOOKS
storyweaver

Pratham Books goes digital to weave a whole new chapter in the realm of multilingual children's stories. Knitting together children, authors, illustrators and publishers. Folding in teachers, and translators. To create a rich fabric of openly licensed multilingual stories for the children of India and the world. Our unique online platform, StoryWeaver, is a playground where children, parents, teachers and librarians can get creative. Come, start weaving today, and help us get a book in every child's hand!